<u>प्रेस नोट</u> **<u>दिनांक 08.10.2020</u>**

<u>सराहनीय कार्य जनपद बागपत</u>

- **थाना बड़ौत क्षेत्र में आयोजित एक सभा में माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार।**

दिनांक 05.10.2020 को जनपद बागपत के थाना बडौत में आयोजित सभा में युवक द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। वायरल वीडियो पर जनपद बागपत पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना बडौत पर मु०अ०सं० 849/2020 धारा 153ए, 124ए, 504 506 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा वायरल वीडियो में आरोपी की पहचान कर सलमान पुत्र मंजूर निवासी बड़ौली रोड थाना बड़ौत जनपद बागपत को गिरफ्तारी किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना बडौत पर कठोर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

- **थाना खेकडा पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाईकिल सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस नाजायज बरामद।**

थाना खेकडा–पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान चौकी डूण्डाहेडा से अभियुक्त 1–नीरज पुत्र बिषनपाल निवासी म0न0–782 चांदनी बाग थाना चांदनी बाग जनपद पानीपत हरियाणा हाल पता नई सब्जी मण्डी छोटूराम चौक बिटटू ईंट वाले के पास थाना किला पानीपत हरियाण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाईकिल सुपर स्पलैण्डर नम्बर यूपी 17एल–4353 व एक तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्व थाना खेकडा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना रमाला पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

थाना रमाला– पुलिस द्वारा मु0अ0स0 169/2020 धारा 363,366 भादवि में वांछित अभियुक्त 1–समीर पुत्र मौहम्मद निवासी ग्राम किरठल थाना रमाला व मु0अ0स0 170/2020 धारा 363,366 भादवि में वांछित अभियुक्त 1–अमित पुत्र रामअवतार निवासी करीमपुर जीवनी थाना रमाला जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया।